शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, उड़िसा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com ;वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमांक342/अका. / व.सू.प्र. / 2020–21 / 2021 रायगढ़ दिनांक25/06 / 2021

अधिसूचना

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के विभाजन के फलस्वरुप हुई है, जिसके अंतर्गत् राजस्व जिले रायगढ़ एवं जांजगीर–चांपा में स्थित महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से संबध्द हो चुके है।

परिनियम 19 की कंडिका 6 (a) के अंतर्गत् विश्वविद्यालय से संबध्द महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों (प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक) की संयुक्त एवं विषयवार वरिष्ठता सूची प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर की स्थिति में अधिसूचित की जाती है, जिसके आधार पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 31 दिसंबर 2020 की स्थिति में वरिष्ठता सूची अधिसूचित की गई है, जिसमें शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबध्द महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों (प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक) के नाम भी उल्लेखित है। अतः यही वरिष्ठता सूची शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के द्वारा आगामी संशोधन होने तक इस विश्वविद्यालय से संबध्द महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों के लिए यथा स्थिति में लागू रहेगी।

आदेशानुसार

(के. के. चन्द्राकर)
कुलसचिव

क्रमांक343/ अका. / व.सू.प्र. / 2020–21 / 2021 रायगढ़ दिनांक25/ 06 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलपति के निज सचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. अपर संचालक उच्चशिक्षा, संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर को सूचनार्थ।
5. समस्त प्राचार्य, विश्वविद्यालय से संबध्द रायगढ़ एवं जांजगीर जिले के समस्त महाविद्यालयों को सूचनार्थ
6. समस्त अधिकारी शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. वेब पोर्टल से संबंधित अधिकारी की ओर इस आशय के साथ कि इसे वेब साइट में अपलोड करें।

25.06.21

उपकुलसचिव